

पुल के शिलान्यास स्थल का निरीक्षण करने जाते हुए मसूरी विधायक गणेश जोशी।

# हमारा दून

# मुख्यमंत्री की घोषणाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करें

**बैठक**

**संवाददाता**

- नागरिक उड्डयन विभाग की घोषणाओं की समीक्षा करते हुए सचिव
- मुख्यमंत्री की घोषणाओं के संदर्भ में संतोषजनक कार्यवाही नही की जा रही
- पर्यटन सर्किट की योजनाओं की प्रगति में और अधिक सुधार लाया जाए

देहरादून। मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को समयबद्व ढंग से पूरा करें और इस संदर्भ में निरन्तर अनुश्रवण किया जाए। यह निर्देश सचिव दिलीप जावलकर ने अपने विभागों से संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को बुधवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में दिये। नागरिक उड्डयन विभाग की घोषणाओं की समीक्षा करते हुए सचिव जावलकर ने इस बात पर अप्रसन्नता व्यक्त की कि विभाग द्वारा लम्बे समय से मुख्यमंत्री की घोषणाओं के संदर्भ में संतोषजनक कार्यवाही नही की जा रही है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को 15 दिन का समय देते हुए कहा कि इस अवधि में प्रगति में अपेक्षित सुधार लाएं।

संस्कृति विभाग की समीक्षा करते हुए सचिव जावलकर ने कहा कि विभागीय घोषणाओं को पूरा करने में तेजी से कार्य करें, और यदि किसी स्तर पर समस्या आ रही है, तो उससे उन्हें तत्काल अवगत करायें। सचिव जावलकर ने कहा कि योजनाओं के लिये भूमि की आवश्यकता के मामलो में जिलाधिकारियों से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क किया जाए। पर्यटन विभाग की समीक्षा करते हुए सचिव जावलकर ने कहा कि पर्यटन सर्किट की योजनाओं की प्रगति में और अधिक सुधार लाया जाए व निश्चित समय के अन्दर घोषणाओं को पूरा किया जाए। जावलकर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मुख्यमंत्री की घोषणाओं को पूरा करने में समय–सारणी तैयार कर कार्यवाही सुनिश्चित करें और समय–समय पर इसकी प्रगति से अवगत भी करायेे। सूचना विभाग की समीक्षा करते हुए सचिव श्री जावालकर ने निर्देश दिये कि उत्तराखण्ड भवन, मुम्बई में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप मुम्बई में फिल्म शूटिंग और निवेशकों की सहायता के लिये तत्काल उत्तराखण्ड भवन में फिल्म प्रकोष्ठ के लिये कक्ष आवंटित कराते हुए फिल्म प्रकोष्ठ स्थापित किया जाए। बैठक में यूकाडा के निदेशक आशिष भटगाई, अपर सचिव आयुष, निदेशक संस्कृति बीना भट्ट, अपर निदेशक सूचना डॉ. अनिल चन्दोला सहित पर्यटन व संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री की घोषणाओं के संबंध में समीक्षा बैठक लेते सचिव दिलीप जावलकर।

## उत्तराखंड कांग्रेस नेताओं ने दिल्ली में पार्टी उम्मीदवारों को जिताने का किया आह्वान

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह और नेता प्रतिपक्ष इंदिरा हृदयेश के नेतृत्व में दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रचार करने पहुंचे कांग्रेस नेताओं ने दिल्ली चुनाव में कांग्रेस द्वारा जबर्दस्त उपस्थिति दर्ज करने का दावा किया है। कांग्रेस महामंत्री विजय सारस्वत और उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने यह दावा करते हुए कहा कि दिल्ली में पहले से चुनाव की फिजा बदली हुई है। जिस तरह से झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में कांग्रेस ने भाजपा पर जबर्दस्त बढत दर्ज की है, दिल्ली में भी राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने प्रचार किया है उससे पार्टी की बढ़त पहले से ज्यादा हो गई है। कांग्रेस के राज्य भर से आए नेता जिनमें पी के अग्रवाल, नवीन जोशी, जोत सिंह बिष्ट, अजय सिह, गोदावरी थापली, अनुपम शर्मा, राजेन्द्र शाह, आशा टम्टा, आषाढ़ सिंह अधिकारी, मनीष खंडूरी, शिल्पी अरोड़ा, राजेश्वर पैन्यूली, गौरव चौधरी तथा अनुपम शर्मा ने आज प्रचार के अंतिम दिन गली–गली, मोहल्लों में पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष मे जोरदार प्रचार किया।

# ई–रिक्शा चालकों ने आंदोलन किया तेज

**रोष**

■शहर के विभिन्न मार्गों पर मांगी भीख

देहरादून। **संवाददाता**

देहरादून में मुख्य मार्गों पर ई–रिक्शा चलाने की अनुमति न देने के विरोध में ई रिक्शा संचालकों ने अपने आंदोलन को तेज कर दिया। आज ई–रिक्शा संचालकों ने शहर के विभिन्न मार्गों पर भीख मांगी। वहीं, उनके विरोध प्रदर्शन को समर्थन देने पूर्व सीएम हरीश रावत भी धरना स्थल पहुंचे। उन्होंने इस विषय पर बात की और आश्वासन दिया कि वे उनकी समस्याओं के विषय में सरकार से बात करेंगे।

उन्होंने कहा कि सरकार को इस तरह से गरीबों के काम की अनदेखी नहीं करनी चाहिए। उन्हें उनके हक काम करने दिया जाए। इसके बाद संचालकों ने सड़क पर भीख मांगकर विरोध जताया।

परेड मैदान में क्रमिक अनशन कर रहे ई–रिक्शा संचालकों ने कहा कि जब राजधानी की मुख्य सड़कों पर सिटी बसों और ऑटो के संचालन की अनुमति दी जा सकती है तो उन्हें क्यों रोका जा रहा है? इसे लेकर संचालक कई बार सचिवालय कूच कर चुके हैं। दो दिन पूर्व परेड मैदान में धरना प्रदर्शन कर रहे संचालकों ने एक ई–रिक्शा को आग के हवाले किया था। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे संचालकों की पुलिसकर्मियों से नोकझोंक भी हुई थी। बावजूद इनकी मांगों पर अभी तक सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है।

एसोसिएशन अध्यक्ष मारुफ राव का कहना है कि जब राजधानी की मुख्य सड़कों पर सिटी बसों, ऑटो और विक्रम चलाने की अनुमति है तो सरकार ई–रिक्शा संचालन की अनुमति भी देनी चाहिए।



भीख मांगते ई–रिक्शा चालक।

## सीएम 8 को करेंगे 907 लाख की लागत वाले दो पुलों का शिलान्यास

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून के सहस्त्रधारा स्थित काली रो में आगामी 08 फरवरी को मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत 907 लाख की लागत से निर्मित होने वाले दो पुलों का शिलान्यास करेंगे। इस बाबत मसूरी विधायक गणेश जोशी ने वीरवार को विभागीय अधिकारियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं संग मौके का निरीक्षण किया और कार्यक्रम के निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान, विश्व बैंक खण्ड लोनिवि की ईई रचना थपलियाल, बीडीसी धीरज थापा, पूर्व प्रधान समीर पुण्डीर, शांति प्रसाद बिजल्वाण, मण्डल महामंत्री नारायण सिंह राणा, अरविन्द तोपवाल, पूर्व प्रधान रतन सिंह, पार्षद संजय नौटियाल, राकेश जवाड़ी आदि उपस्थित रहे।

## संपत्ति कब्जाने एवं धोखाधड़ी करने वाले माफियाओं के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत होगी कार्रवाई

**संवाददाता** देहरादून। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने एवं अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस महानिदेशक अनिल के0 रतूड़ी के निर्देश पर प्रदेश भर में प्रचलित रजिस्टर्ड गैंगों, वांछित अपराधियों, ईनामी अपराधियों, संगठित अपराधियों के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही करने एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की ग्रिडिंग करने को लेकर 01 नवम्बर 2019 से 31 जनवरी 2020 तक 03 माह का एक विशेष अभियान चलाया गया।

महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था अशोक कुमार ने बताया कि अभियान के प्रारम्भ में प्रदेश में संगठित अपराध करने वाले कुल 43 गैंग निगरानी के अधीन थे। अभियान के दौरान समीक्षा करने पर 21 गैंग शान्त एवं निष्क्रिय पाये जाने पर खारिज किये गये।




## संक्षिप्त समाचार

### एक साल से फरार चल रहे वांरटी को किया गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। कोतवाली ऋषिकेश पुलिस नें एक साल से फरार चल रहे वांरटी को मुखबिर की सूचना पर ऋषिकेश से गिरफ्तार किया। उसे न्यायलय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पकड़े गये अभियुक्त ने अपना नाम संतोष उर्फ रवि पुत्र सरला प्रसाद निवासी गली नंबर 4 भैरव मंदिर के पीछे ऋषिकेश बताया।

### देसी शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। थाना राजपुर पुलिस नें 48 पव्वे देसी शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को जेल भेज दिया गया। पकडी गई महिला ने अपना नाम मनीषा उम्र 22 पत्नी शिवा निवासी बाड़ी जाखन थाना राजपुर देहरादून बताया।

### 50 पव्वे देसी शराब के साथ एक पकड़ा

**संवाददाता** देहरादून। थाना रायपुर पुलिस नें हरिपुर कंला बिजली घर के पास से 50 पव्वे देसी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया पकड़े गये अभियुक्त के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत चालान कर जेल भेज दिया अभियुक्त ने अपना नाम अंशुल अग्रवाल उर्फ गोलू पुत्र स्वर्गीय पवन अग्रवाल निवासी गली नंबर 6 गोल कोठी हरिपुर कलां रायवाला देहरादून बताया।

### रियलमी ने रियलमी सी 3 का अनावरण किया

**संवाददाता** देहरादून। एंटरटेनमेंट का सुपरस्टार रियलमी सी3 के लॉन्च की घोषणा की। यह 8000 रु. से कम मूल्य में सबसे शक्तिशाली एंट्री लेवल स्मार्टफोन है। रियलमी सी3 रियलमी की एंट्री लेवल ऑलराउंडर सी सीरीज के स्मार्टफोन की श्रृंखला का नया उत्पाद है। इस श्रृंखला का इस्तेमाल दुनिया में 10.2 मिलियन यूजर्स कर चुके हैं।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।